जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28.10.2026 को सायं 06:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95/छियत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ दिनांक 21.01.2020 एवं शासनादेश संख्या– 190/छियत्तर–1–2020 –20–25सम/2019 दिनांक 24.01.2019 के क्रम में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अमेठी में निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा से सम्बन्धित बैठक जिलाधिकारी महोदय की की अध्यक्षता में दिनांक 28.10.2026 को सायं 06:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों/फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री शशांक चौधरी, जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
2. सुश्री पूजा साहू, मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी।
3. श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
4. श्री डी0पी0 गौतम, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
5. श्री विपिनचन्द, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
6. श्री अर्चित त्रिपाठी, सहायक अभियन्ता, (एस0डब्ल्यू0एस0एम0)उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
7. श्री राजेश कुमार गुप्ता, जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी।
8. श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
9. श्री रोहित सिंह, डी0टी0एल0, टी0पी0आई0(ओ0एण्ड0एम0), अमेठी।
10. श्री अवधेश बहादुर सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
11. श्री अजीत सिंह, पी0एम0 मे0 वेलस्पन प्रा0लि0, मुम्बई।
12. श्री सिद्धार्थ तिवारी, पी0एम0, मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन, प्रा0लि0
13. श्री सतीश सोरवां, पी0एम0 मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स–गाजा प्रा0लि0/हेत्वी कान्स्ट्रक्शन प्रा0लि0

श्री अनिल कुमार राव, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम में मेसर्स वेलस्पन प्रा0लि0 मुम्बई ने शिरोपरि जलाशयों को दिनांक 08.09.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक 08 नग शिरोपरि जलाशय, मेसर्स गायत्री–रैम्की प्रा0लि0 हैदराबाद द्वारा दिनांक 08.09.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक मात्र 01 नग शिरोपरि जलाशय एवं मेसर्स विन्ध्या–गाजा प्रा0लि0 नोएडा द्वारा दिनांक 08.09.2026 से दिनांक 28.10.2026 तक मात्र 10 नग शिरोपरि जलाशय पूर्ण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तीनों कार्यदायीं फर्मो को आगामी मासिक बैठक से पूर्व शिरोपरि जलाशय को निम्नानुसार पूर्ण करने लक्ष्य प्रदान किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

1–निर्माणाधीन योजनाओं में शिरोपरि जलाशय को पूर्ण करने का लक्ष्य

क्र0सं0	फर्म का नाम	प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय की संख्या	शिरोपरि जलाशय में कार्य प्रारम्भ की संख्या	पूर्ण शिरोपरि जलाशय की संख्या	शिरोपरि जलाशय को पूर्ण करने का लक्ष्य
1	मेसर्स वेलस्पन	133	133	94	8
2	मेसर्स गायत्री	165	165	158	2
3	मेसर्स विन्ध्या–गाजा	194	194	184	3
	कुल योग	492	492	436	13

2–वितरण प्रणाली बिछाये जाने की स्थितिः–

क्रं0सं0	फर्म का नाम	कुल बिछायी जाने वाली पाइपलाइन (किमी0)	कुल बिछायी गयी पाइपलाइन (किमी0)	अवशेष वितरण प्रणाली (किमी0)
1	मेसर्स वेलस्पन	1833.00	1832.00	1.00
2	मेसर्स गायत्री	3685.00	3685.00	–
3	मेसर्स विन्ध्या–गाजा	3381.00	3381.00	–
	कुल योग	**8899.00**	**8898.00**	**1.00**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि जो योजनायें अनुरक्षणाधीन (O&M) है, उनके अन्तर्गत रेस्टोरेशन सम्बन्धी समस्त कार्य पूर्ण कर लिये जाये तथा शेष योजनाओं को वितरण प्रणाली बिछाने के पश्चात मोटरेबल कर लिया जाय। जिससे आम–जनमानस को आवागमन में समस्या न हो।

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि आई0जी0आर0एस0 के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रत्येक फर्म से 01–01 स्टॉफ जल निगम कार्यालय में प्रतिदिन उपस्थित रहेगा तथा आई0जी0आर0एस0 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करेगा।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज मुम्बई द्वारा जनपद में ''जल जीवन मिशन'' के कार्यो की खराब प्रगति से सम्बन्धित पत्र मेरे स्तर से प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ को प्रेषित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा माह नवम्बर–2026 में मेसर्स गायत्री को 54 नग योजनाओं, मेसर्स विन्ध्या–गाजा को 60 नग योजनाओं तथा मेसर्स वेलस्पन को 06 नग योजनाओं का जल अर्पण कराने का लक्ष्य दिया गया।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जो योजनायें ओ0एण्ड0एम0 में है उन योजनाओं में नियमित रुप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा किसी भी कारणवश पेयजल आपूर्ति बन्द होने पर 24 घण्टे के अन्दर पेयजल आपूर्ति पुनः चालू कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सुजलाम भारत ऐप पर ग्रामीण पाइप पेजयल योजनाओं के विभिन्न घटकों के जी0ओ0 टैगिंग हेतु प्रत्येक फर्म द्वारा 15–15 नग स्टॉफ लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। उन योजनाओं पर आगामी बैठक से पूर्व शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुचारु रुप से चालू कर दी जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देर्शित किया गया कि जिन योजनाओं में डारेक्ट सप्लाई की जा रही है उन्हें अपग्रेड कर शिरोपरि जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित किया जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जल निगम द्वारा अनुरक्षणाधीन 27 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनायें जिन्हें वर्तमान में मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है। आंशिक रुप से संचालित 21 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में से कुछ योजनाओं को पूर्ण क्षमता पर संचालित करने का लक्ष्य दिया गया।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जो योजनायें संचालन एवं अनुरक्षण अथवा ट्रायल एण्ड रन में है उनमें नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन–जिन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत रोड चौड़ीकरण एवं अन्य कार्य के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसे सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य को कराया जाय जिससे योजना के अन्तर्गत कम से कम पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो सके।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देर्शित किया गया कि जिस फर्म के कार्यो की प्रगति धीमी है उनमें तेजी लाना सुनिश्चित करें।

(11)

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओं पर क्लोरिनेशन के पश्चात् ही जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें एवं जिन योजनाओं पर क्लोरिनेशन प्लान्ट स्थापित नहीं है वहां अतिशीघ्र क्लोरिनेशन पलान्ट स्थापित कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में हो रहे पाइपलाइन/गृह संयोजनों में लीकेजों की मरम्मत समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ–साथ नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने एवं सामग्री की टेस्टिंग एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण करते हुये समुचित कार्यवाही की जाय।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में समस्त ऑगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गौशाला में शत प्रतिशत क्रियाशील जल संयोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर सुरक्षा किट (हेल्मेट, बेल्ट, सेफ्टीनेट इत्यादि) उपलब्ध कराना एवं श्रमिकों द्वारा प्रयोग में लाया जाना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही अधि0अभि0 जल निगम/अधिशासी अभियन्ता जल निगम (विद्युत यांत्रिक)/मे0वेलस्पन प्रा0लि0/मे0 गायत्री प्रोजेक्ट प्रा0लि0/मे0विन्ध्या टेलीलिंक्स/डी0पी0एम0यू0/टी0पी0आई0

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),अमेठी

पृं0सं0 1889 / कार्या-7(JJM) / 283 दिनांक 02/11/2026

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–बाराबंकी)।
3. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर अवलोनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी।
5. अधिशासी अभियन्ता(वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें एवं कार्यो को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।
7. श्री अवधेश बहादुर सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 अमेठी।
8. श्री देवेन्द्र सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 अमेठी।
9. डी0टी0एल0, टी0पी0आई0, अमेठी।
10. सम्बन्धित फर्म को इस निर्देश के साथ कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता